Regarding alleged corruption in Jharkhand

श्री संजय सेठ **(राँची):** सभापति महोदय, आपका जोहार । झारखंड में जेएमएम और कांग्रेस की सरकार के ऊपर रोजाना नए-नए खुलासे हो रहे हैं । अभी कल भी खुलासा हुआ है । वहां की पूर्व की सरकार वाट्सऐप पर चलती थी । इसमें ट्रांसफर और पोस्टिंग भी है । वहां जेएससीसी का पेपर लीक हुआ । 9 लाख छात्रों का भविष्य अंधकार में था । मुख्यमंत्री के सहयोगी विनोद सिंह के घर से ई.डी. ने एडमिट कार्ड बरामद किया, चैट्स बरामद किये, आमने-सामने बैठाकर ई.डी ने पूछताछ की । अब आप बताइए, जेएससीसी के जो एडमिट कार्ड है, उनके सहयोगी के यहां बरामद हो रहा है, यह तो गंभीर घटना है ।

महोदय, मैं सदन के माध्यम से माँग करना चाहता हूं कि पेपर लीक की जो पूरी घटना हुई है, जो उसके चैट्स से बरामद हुआ है, उस पूरी घटना की सी.बी.आई. से जांच करायी जाए । आज झारखंड के जो 9 लाख युवा हैं, वे सड़कों पर हैं । यही मेरी डिमांड है ।